>

Title: Need to provide sewer lines in Fatehpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर) : मेरा संसदीय क्षेत्र फतेहपुर, उत्तर प्रदेश एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक शहर है। यह शहर भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. वी.पी. सिंह का भी संसदीय क्षेत्र रहा है। इतने प्राचीन एवं सुविख्यात क्षेत्र में अभी तक जनता को सीवर लाइन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करायी गयी हैं, जिससे नगरवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सीवर लाइन न होने के कारण नगर में जगह-जगह जलभराव एवं गंदगी का अंबार है। गंदगी की वजह से लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है जिसके कारण उन्हें गंभीर बीमारियां लगी हुई हैं। हर वर्ष बरसात में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। फतेहपुर शहर में सीवर लाइन डालने का प्रस्ताव संबंधित मंत्रालय में लंबित है। क्षेत्र के विकास और जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तुंत सीवर लाइन डालने की आवश्यकता है।

अतः केन्द्र सरकार से विनम्र अनुरोध है कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शीघ्राशिशीघ्र सीवर लाइन डालने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें।